# फर्नीचर कारोबार को मिलेगी उड़ान

## सितंबर में नोएडा में होना है शो, 20 अगस्त तक जमा होंगे आवेदन

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज।** एक जिला एक उत्पाद के तहत जनपद के फर्नीचर कारोबार को तरक्की की उड़ान मिलेगी। ग्रेटर नोएडा में होने वाले यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में जनपद के उद्यमी न सिर्फ प्रतिभाग करेंगे बल्कि अपना स्टाल लगाकर कारोबार की बारीकियों की जानकारी देंगे।

जिला उद्योग विभाग ने फर्नीचर कारोबारियों से प्रतिभाग के लिए आवेदन मांगे गए हैं। यह आवेदन 20 अगस्त तक विभाग में जमा किया जा सकता है।

25 से 29 सितंबर तक नोएडा में आयोजित हो रहे यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में जनपद के फर्नीचर कारोबारी और निवेशक प्रतिभाग करेंगे।

शामिल होने के लिए निर्धारित शुल्क लिया जाएगा। उद्योग उपायुक्त ने बताया कि चार श्रेणियों में निवेशक व उद्यमी हिस्सा ले सकते हैं।

### सहभागिता का शुल्क तय

इंटरनेशनल ट्रेड शो में निर्यात कार्य शुरू करने वाले नवोदित निर्यातक, नियमित निर्यातक, ओडीओपी, एमएसएमई, महिला उद्यमी व युवा उद्यमी इसमें शामिल हो सकते हैं। नवोदित निर्यातक को नौ वर्गमीटर स्थान ट्रेड शो में हासिल करने के लिए 15 हजार रुपये, नियमित निर्यातक को 6500 रुपये प्रति वर्गमीटर व प्रीफिटेड स्टॉल के लिए सात हजार रुपये प्रति वर्गमीटर जीएसटी के साथ व ओडीओपी तथा एमएसएमई के लिए 18585 रुपये प्रति स्टॉल का शुल्क जमा करना होगा।

यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में ओडीओपी कारोबारी अपने कारोबार के लिए निवेशक तलाश सकते हैं। इसमें अंतरराष्ट्रीय स्तर की कंपनियां और उद्यमी शामिल हो रहे हैं। फर्नीचर कारोबारी तय शुल्क जमा कर ट्रेड शो का स्टाल ले सकते हैं। आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

**-अभिषेक प्रियदर्शी**

उपायुक्त उद्योग